एक नजर में

प्रहलाद मुकाती बने जिला अध्यक्ष

देवास। भाजपा समर्थित संगठन मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के वरिष्ठ नागरिक कारसेवक प्रकोष्ठ जिला देवास के जिला अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद मुकाती को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू की सहमति से की गई। प्रहलाद मुकाती लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं तथा संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। नियुक्ति के बाद संगठन पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने प्रहलाद मुकाती को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक कारसेवक प्रकोष्ठ संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

विधायक ने किया एथलेटिक्स ट्रैक का निरीक्षण

देवास। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सेना गडरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निरीक्षण विधायक गायत्री राजे पवार ने किया। निरीक्षण के दौरान महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन तथा विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। विधायक गायत्री राजे पवार ने विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से ट्रैक निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्टेडियम में पवेलियन भवन के निर्माण प्रस्ताव को शीघ्र मूर्त रूप देने तथा सिंथेटिक ट्रैक की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने पर भी जोर दिया। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के निर्माण से देवास जिले के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा।

बंदर की मौत पर कराया अग्नि संस्कार, मृत्युभोज

बागली। 15 दिन पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से पिपरी विश्राम ग्रह के पास व्यस्क बंदर की मौत हो गई सनातन विचार मंच सदस्यों ने आपसी सहमति से उक्त मृत बंदर की देह का सनातन परंपरा अनुसार अग्नि संस्कार किया 15 दिवस के बाद मनकामेश्वरी मंदिर पिपरी परिसर में भोजन प्रसादी बनाकर खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भोग लगाते हुए ब्राह्मण भोजन के साथ-साथ नर्मदा परिक्रमा वासी एवं कन्या भोजन संपन्न हुआ इस दौरान सनातन सेवा समिति से जुड़े गिरधर गुप्ता सावन यादव विकास मकवाना विक्की यादव डॉक्टर सुरेंद्र मिश्रा परिक्रमा वासी अग्रवाल बाबा अनूप राजपूत कमलेश महाराज नाथू भाई कोली धनी भाई भदोरिया शरद भाई अलका बाई चावढ़ा लक्ष्मी बाई सहित कई लोगों ने आर्थिक सहयोग के साथ शारीरिक श्रमदान करते हुए इस क्रिया कर्म को पूर्ण किया भोजन प्रसादी के दौरान एक अलौकिक घटना भी सामने आई भोजन का भोग लगाने के लिए पत्तल लगाई गई और पेड़ के नीचे रखा गया थोड़ी देर बाद एक बंदर आया और भोजन प्रसादी ग्रहण की सनातन सेवा समिति का मानना है। कि हनुमान जी महाराज को आमंत्रण स्वरूप उनका आह्वान किया गया और वह उपस्थित हो गए।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत लगाया गया पौधा



भौंरासा। पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार के जन्मदिन के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अनुसार पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार ने सरस्वती शिशु मंदिर दत्तोत्तर में पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया इस अवसर पर भौरासा नगर से प्रमोद पालीवाल, राधेश्याम कुमावत देवास, आकाश जायसवाल,व शांतिलाल कुमावत ने पौधारोपण कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी वही इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया।

सतवास में सर्च ऑपरेशन के दौरान सोमवार को मिला शव

सतवास। सतवास क्षेत्र में हो रही हो रही बारिश आसमानी आफ़त से शनिवार को भामर की पहाड़ी नदी में दो लोग डूब गए थे इनको ढूंढ ने के लिए सतवास पुलिस और देवास एस डी आर एफ की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला कर उन्हें ढूंढ रहे थे। टीम को इनमें से एक मांगीलाल नायक का शव दूसरे दिन रविवार सुबह मिला। दूसरे युवक संदीप ठाकुर की तलाश की जा रही थी जिसे तीसरे दिन यानी सोमवार साढ़े नौ दस बजे के दरमियान संदीप ठाकुर का शव इस सघन सर्च आपरेशन के बाद आखिरकार ढूंढ ने में सफलता मिली। ओर सर्च ऑपरेशन रुका इस सर्च आपरेशन में देवास एस डी आर एफ की टीम एवं सतवास थाना प्रभारी पूरी के मार्गदर्शन में एस आई सरदार मंडलोई नदी पर पुलिस टीम के साथ तैनात रहे ।

प्रदर्शन की चेतावनी के बाद भाजपा विधायक के दर पहुंचे कांग्रेसी

▶ सड़क और अधूरे निर्माण कार्यों की परेशानी पर लगाई गुहार

कांटाफोड़। नगर में बदहाल सड़कों, अधूरे निर्माण कार्यों और आमजन की बढ़ती परेशानियों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत भाटिया द्वारा सोशल मीडिया पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी देने के बाद नगर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय भाजपा विधायक मुरली भंवरा के निवास सेवा सदन पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड 14, 15 और 2 की गंभीर समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। कुछ दिन पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत भाटिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट द्वारा चेतावनी दी थी कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करेगी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने पहले जनसमस्याओं को लेकर विधायक से मुलाकात कर समाधान की पहल की। राजनीतिक रूप से यह घटनाक्रम इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि नगर परिषद में कांग्रेस का नेतृत्व है, जबकि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा विधायक मुरली भंवरा कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि जबलपुर-कांटाफोड़ रोड पर निर्माण कार्य के दौरान फैली चिकनी मिट्टी के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं।

सड़क मरम्मत व अधूरे निर्माण जल्द पूरे करने के निर्देश

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्य में अपेक्षित गति नहीं दिखाई दे रही है। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश दिए जाएं, ताकि सड़कों की मरम्मत और अधूरे निर्माण कार्य शीघ्र पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन की स्थिति बन सकती है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक मुरली भंवरा ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल दूरभाष पर चर्चा की।

श्री शिव छत्रपति गणेश मंडल ने नृत्याचार्य पं. प्रताप पवार को दी श्रद्धांजलि

देवास। पद्मश्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध नृत्याचार्य पंडित प्रताप पवार का निधन 25 जून को ब्रिटेन में हो गया। उनके निधन से देवास के कलाप्रेमियों के लिए यह अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है।

प्रताप पवार धार शहर में जन्में व देवास में पले बढ़े, उन्होंने नृत्य जीवन की शुरुआत देवास के श्री शिव छत्रपति गणेश मंडल के मंच से की। आपने भारतीय नृत्य शैली (कत्थक) को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई व भारतीय नृत्य परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार में उनका अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री पवार के निधन पर देवास के कला प्रेमियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सीनियर राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में देवास को मिली स्वर्णिम सफलता

देवास। ग्यारहवीं सीनियर मिनी गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में 15 जून से 1 जुलाई के मध्य किया गया। देवास मिनी गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वप्निल जैन एवं सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि देवास जिले से 15 खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में नैतिक जैन, कनक जैन, करूणा मालवीय, अमरनाथ शर्मा, वैष्णवी बंसोड, अदिति गोपनारायण, रिद्धिमा राठौर, हर्षिता पवार, वंश राजोरे, कंवलजीत सिंह, नैतिक वर्मा सत्यम चौधरी, अनिरुद्ध सिरोहिया और नवीन कुमार सम्मिलित रहे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नैतिक जैन ने टीम इवेंट में स्वर्ण पदक एवं सिंगल नॉकआउट इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया।

अमरनाथ शर्मा ने नॉकआउट टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कनक जैन को नॉकआउट टीम इवेंट में कांस्य पदक एवं सिंगल इवेंट में रजत पदक प्राप्त हुआ। करुणा मालवीय ने स्ट्रोक सिंगल इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी पदक विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों का पद्मजा स्कूल के खेल मैदान पर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह की मुख्यअतिथि मिनी गोल्फ की संरक्षक डॉ कोमल जैन रही। पंकज वर्मा, विकास देशमुख, शशिकांत नकसवाल, निधि सावनेर आदि की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। खिलाडियों की सफलता पर जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी सेना गडरिया, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, चंद्रपाल सोलंकी, योगेश द्विवेदी, निरंजन यादव, पवन यादव, जावेद पठान आदि ने बधाई दी।

मुंबई में 12 सितंबर को होगा राष्ट्रीय अधिवेशन

बागली। प्रेस क्लब का वर्किंग जर्नलिस्ट्स का चौथा राष्ट्रीय अधिवेशन 12 सितंबर को मुंबई बोरीवली अटल सभागार में होगा उक्त जानकारी पी सी डब्ल्यू जे डिजिटल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील योगी ने देते हुए बताया कि 12 सितंबर को शाम 4 बजे से 8तक यह अधिवेशन सम्पन्न होगा इस अधिवेशन में 80 से अधिक पत्रकार शामिल होंगें मध्यप्रदेश महाराष्ट्र गुजरात छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल आसाम दिल्ली उत्तर प्रदेश राजस्थान बिहार आदी प्रदेशो से पत्रकार इस कार्यक्रम में शामिल होंगें इस कार्यक्रम को सफल बनाने के? लिये रविवार को गुगल मीटिंग आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर खालिद कैस राष्ट्रीय सचिव शशी दीप सहित 18 पत्रकारों ने भाग लिया सभी ने आगामी अधिवेशन को सफल बनाने के लिये चर्चा की।

मौत के बाद रजिस्ट्री पर उठे प्रश्न...

▶ क्या मरने के बाद व्यक्ति रजिस्ट्री पर अंगूठा लगा सकता है...

▶ 15 महीने के सत्ता काल में करोड़ों की जमीन के सौदे में फर्जीवाड़े का आरोप...

▶ मृत व्यक्ति के नाम पर रजिस्ट्री कराने सहित गंभीर अनियमितताओं की शिकायत

देवास। शिकायतकर्ता राहुल सोनी ने पुलिस अधीक्षक देवास को विस्तृत शिकायत देकर करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि के सौदे में गंभीर अनियमितताओं और सुनियोजित षड्यंत्र का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि संयुक्त परिवार की फर्म द्वारा वर्ष 2012 में खरीदी गई भूमि को वर्ष 2020 में रेशो डील के आधार पर कॉलोनी विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव के अनुसार भूमि स्वामी को विकसित प्लॉटों का 80 प्रतिशत हिस्सा और विकासकर्ता को 20 प्रतिशत हिस्सा दिया जाना था।

शिकायत में निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

राहुल सोनी का आरोप है कि पूरे घटनाक्रम में सरकारी नियमों की अनदेखी की गई और यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो शासन के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसी अवधि में कम गाइडलाइन मूल्य पर हुई अन्य रजिस्ट्रियों को लेकर भी नोटिस जारी हुए हैं, जिससे पूरे मामले की गंभीरता और बढ़ जाती है।शिकायत में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

कांग्रेस 14-15 को छात्रों की गूंज अभियान के तहत इंदौर से भोपाल तक युवाओं के साथ निकालेगी साइकिल रैली

भौरासा। कांग्रेस द्वारा 14-15 जुलाई को छात्रों की गूंज अभियान के तहत इंदौर से भोपाल तक युवाओं के साथ साइकिल रैली (साइक्लोथान) निकल जाएगी व ब्लॉक के मंडलम अध्यक्ष, बीएलो, युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं सभी वरिष्ठ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी की संगठन को मजबूती प्रदान करने के विषय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वहीं जनपद अध्यक्ष ठाकुर द्वारा 14-15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक निकलने वाली साइकिल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए भी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया जा रहा है जिसको लेकर क्षेत्र में जगह-जगह कांग्रेस द्वारा बैठकों का दौर जारी है इसी क्रम में आज भौरासा नगर के शक्ति माता मंदिर परिसर में नगर कांग्रेस के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सोनकच्छ जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, कांतिलाल यादव, रमेश चंद ईनानी थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस 14-15 जुलाई को छात्रों की गूंज अभियान के तहत इंदौर से भोपाल तक युवाओं के साथ साइकिल रैली निकलेगी इसके साथ ही 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

खातेगांव में किसान कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

देवास/खातेगांव। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान एवं खातेगांव ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बरड़ के नेतृत्व में सोमवार को किसानों की मूंग फसल सड़क बिजली खाद मुआवजा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर खातेगांव के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा,ज्ञापन के माध्यम से किसानों को मूंग फसल में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि मूंग की लिमिट बढाई जाए,100 प्रतिशत मूंग की खरीदी सुनिश्चित की जाए,खाद की ई टोकन व्यवस्था को समाप्त किया जाए। 12 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जाए इन्ही मांगो को लेकर आज खातेगांव एसडीएम को ज्ञापन सोपा,ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष विश्वजीत चौहान ने किया तत्पश्चात किसान कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीनारायण बंडावाला, गौतम बंटू गुर्जर,सुनील यादव,मुकेश पटेल,सौरभ माल्या,अजय गुर्जर,कपिल लाठी,विनोद चावड़ा, उस्मान गनी, राजवीर कुड़िया, भवर सेठ, अशोक मुगलिया, राजवीर भारी, चिमना बांता, नूर मेव, राहुल पटेल, नारायण कुमावत, ब्रजपाल सिंह राजावत, मदन भारी, नरेंद्र राजावत, मुकेश मीणा, रघुवीर पंवार, बिलाल खां, सुनील व्यास, सुदामा वर्मा, पप्पू पटेल, शिव नागौरी, कपिल सेवलिया, दीपक राठौर, निलेश गंगवाल, गंभीर पटेल, विनोद दरबार, अजीत दुबे जन्नत बैरागी, शिव नागोरी, राकेश भाकर, चंदर मीणा, अनिल मीणा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

▶ नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक और पेन देकर किया स्वागत

देवास। कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल के आदेश पत्र क्रमांक 2025/वि.बे.परि/2026 के परिपालन मे स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

शुरुआत प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा मॉ. सरस्वती की पूजा के साथ की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का विद्यार्थियो से परिचय करवाया गया, समस्त प्राध्यापकों द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक एवं पेन देकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा विद्यार्थियों से छात्र-जीवन के लिए आवश्यक विचार साझा किये गये। कार्यक्रम में एंटी रेंगिग अभिमुखीकरण विषय पर डॉ. ममता पथरोड द्वारा, शिकायतों के निवारण व्यवस्थाओ पर डॉ. ममता शाक्य द्वारा, समावेशी एवं भेदभाव मुक्त वातावरण विषय पर डॉ. प्रेमलता चौहान द्वारा, अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये गये। महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्रभारी प्रो. गिरिश शिव द्वारा विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य संबधित जागरूकता एवं डिजिटल एवं सोशल मीडिया जानकारी साझा की गई। इसके पश्चात स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधि एवं खेलकूद विषय पर प्रो. श्याम कापडे, प्रो. शिवानी पटेल द्वारा अध्ययन कार्य मे सहायता हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 7 अगस्त को होना है प्रतियोगिता

▶ 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी ले सकेंगे भाग, 25 जुलाई तक ऑनलाइन होंगे आवेदन

देवास। मध्य प्रदेश के इतिहास, संस्कृति, पर्यटन और लोक कलाओं से स्कूल विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली एमपी टूरिज्म क्विज 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गए हैं। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड और स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एवं जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता की जिला स्तरीय स्पर्धा 7 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्री नारायण विद्या मंदिर क्रमांक एक देवास में होगी।

क्विज के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य के के मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं जो 25 जुलाई की शाम 5.30 बजे तक जारी रहेंगे। इसमें सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक स्कूल से तीन विद्यार्थियों की एक टीम का पंजीयन कराया जा सकेगा। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण स्मिता रावल ने जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों पर्यटन स्थलों संस्कृति और लोक परंपराओं के प्रति रुचि विकसित करना है। भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी अपने स्कूल के माध्यम से प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट पर 25 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

एक नजर ▶ द्वितीय मासिक परिचर्चा में विविध संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने किया पर्यावरण बचाने पर मंथन

आज पर्यावरण को नहीं बचाया तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम...

देवास। महाराष्ट्र समाज देवास में एक परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें नगर की विविध संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।परिचर्चा में पर्यावरण और उसकी रक्षा पर परस्पर विचार विमर्श किया गया। पौधारोपण विषय पर विचार व्यक्त किया व उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रतिवर्ष वृक्ष तो लाखों लगाए जाते है, लेकिन बाद में उनकी कोई सुध बुध नहीं ली जाती।

पानी के अपव्यय रोकने, समारोह और कार्यक्रमों में बजाए जाने वाले डी.जे.के शोर, अनावश्यक रूप से बजाए जाने वाले कर्कश हॉर्न, गर्मी में प्रयुक्त ए.सी. कूलर आदि उपजा कार्बन उत्सर्जन आदि पर चर्चा हुई। ए.सी.को यदि 26 पर चलाया जाए तो पर्यावरण का नुकसान भी नहीं होगा और बिजली बिल भी कम आएगा ऐसा भूषण अत्रे ने कहा। विष्णु वर्मा ने परिचर्चा में आगे कहा कि यही हम पर्यावरण को सुरक्षित नही रख सके तो आने वाले वर्षों में मनुष्य जीवन को इसका गभीर परिणाम भुगतना होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी हमारी ही होगी।

अंतिम संस्कार भी गैस या बिजली से करने पर विचार

दीपक कर्पे ने कहा कि मृत्यु पश्चात दाह संस्कार यदि गैस या बिजली चलित साधन से किया जाए तो लकड़ी की खपत कम हो सकती है। रजनीश पोरवाल ने कहा कि वर्षा ऋतु में ही एक कुछ स्थानों को चिन्हित कर वहां वृक्षारोपण लिए बच्चों एव स्थानीय परिवार को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी जाएगी। परिचर्चा में सरदार अमरप्रीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण के लिए बच्चों एवं विद्यार्थियों को साथ लेकर समाज,जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगो को मजबूत पहल करने की आवश्यकता होने के साथ ही पर्यावरण जागरूकता का क्रम निरन्तर चलता रहे तो ही हम आने वाले समय मे तापमान में बदलाव देख सकते है अन्यथा गर्मी और जल से एक बड़ा संकट हमारे सामने चुनोती के रूप में दिखाई दे रहा है। परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए कमलकांत मेहता ने कहा कि सरकारें ओर प्रशासन अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करता है परंतु प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वो स्वच्छता और पर्यावरण के लिए जागरूक रहे क्योंकि यह दो ही ऐसी बाते है जिसने मनुष्य जीवन को स्वस्थ रखा जा सकता है।